सप्तदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-16.03.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स० श्री अजय कुमार, स०वि०स० श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन, स०वि०स० श्री विजय कुमार, स०वि०स० श्री अजीत कुमार सिंह, स०वि०स० श्री राजेश कुमार, स०वि०स० श्री भूदेव चौधरी, स०वि०स०	''माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील संख्या-2703/2017 में चतुर्थचरण के महाविद्यालयों के वादों के निस्तारण के क्रम में कुछ मामलों को पटना उच्च न्यायालय को प्राधिकृत किया गया । पटना उच्च न्यायालय ने सी०डब्लू०जे०सी०-17670/2017 एवं अन्य में स्पष्ट आदेश दिया कि तीन माह के अन्दर कर्मियों की सेवा पुनर्स्थापन के साथ बकाए वेतन का भुगतान करे जिसके विरूद्ध सरकार एल०पी०ए० में गई जिसे माननीय उच्च न्यायालय ने 26.09.2022 को खारिज कर दिया । एल०पी०ए० में पराजित होने के बाद भी सरकार ने Revision Petition दाखिल किया । विश्वविद्यालय शिक्षकों की घोर कमी झेल रही है । सरकार एल०पी०ए० में जीत हासिल करने वाले शिक्षकों के खिलाफ Revision Petition दाखिल कर सरकारी रूपये का दुरूपयोग करती है । अत: एल०पी०ए० में पारित आदेश के कार्यान्वयन हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	शिक्षा

2. श्री अजय कुमार सिंह, स०वि०स० श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० श्री भीम कुमार सिंह, स०वि०स० श्री विश्व नाथ राम, स०वि०स० श्री संतोष कुमार मिश्र, स०वि०स० श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, स०वि०स० श्री इजहारूल हुसैन, स०वि०स० श्री राज कुमार सिंह, स०वि०स० श्री शकील अहमद खाँ, स०वि०स०	''पूरे बिहार में वर्ष 2011 से पी०एच०ई०डी० द्वारा स्टैंड पोस्ट के माध्यम से जल वितरण के कराये जा रहे कार्य को 2017 में हर घर नल का जल योजना के तहत समाहित कर लिया गया । हर घर नल का जल योजना में समाहित करते समय इस बात का ख्याल नहीं रखा गया कि स्टैंड पोस्ट और हर घर तक पाईपलाईन से जलापूर्त्ति में पानी की खपत का भारी अंतर है । उदाहरणस्वरूप मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर नगर परिषद में स्टैंड पोस्ट से जल वितरण हेतु निर्मित्त आधारभूत संरचनाओं में बिना कोई बढ़ोत्तरी किये 2017 में इसे स्थानांतरित कर दिया गया । इसके कारण हर घर नल का जल योजना का वास्तविक कार्यान्वयन बाधित है । यही स्थिति पूरे राज्य की है । अत: स्टैंड पोस्ट से जल वितरण और हर घर में नल के माध्यम से जल वितरण कार्य में होने वाली खपत के अंतर को देखते हुए घरों की वास्तविक संख्या एवं खपत के अनुरूप योजना बनाकर काम कराये जाने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-09/2023- 593 / वि०स०, पटना, दिनांक- 15 मार्च, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15.3.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-09/2023- 593 / वि०स०, पटना, दिनांक- 15 मार्च, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15.3.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-09/2023- 593 / वि०स०, पटना, दिनांक- 15 मार्च, 2023 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / शिक्षा विभाग तथा लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

15.3.23

(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-09/2023- 593 / वि०स०, पटना, दिनांक- 15 मार्च, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमश: माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

15.3.23

(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

15/3/23